## सार-समाचार

### पुनरीक्षण कार्यक्रम का लिया जायजा

**जालोर** (कासं)। जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 (एसआईआर) के अंतर्गत बीएलओ की ओर से घर-घर जाकर परिगणना प्रपत्र वितरण व संग्रहण करने का कार्य किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बुधवार को भीनमाल क्षेत्र के रंगाला में पहुँच मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 को लेकर बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं से किया जा रहे संपर्क एवं इनुमेरेशन फॉर्म वितरण व संग्रहण कार्य का अवलोकन किया तथा समुचित दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने मतदाताओं से तथा स्थानीय नागरिकों से एसआईआर को लेकर चर्चा की तथा एसआईआर के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने मतदाताओं व उपस्थित जनों से एसआईआर को लेकर बीएलओ से जानकारी प्राप्त करने, परिगणना प्रपत्र भर व नवीन फोटो चस्पा कर जमा करवाने तथा बीएलओ का सहयोग करने एवं एसआईआर के दौरान अधिकतम भागीदारी निभाने की अपील की। जिले के आहोर, जालोर, भीनमाल, सांचौर व रानीवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारियों व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण द्वारा संबंधित विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण कर एसआईआर गतिविधियों का अवलोकन कर बीएलओ को आवश्यक निर्देश दिंए।

### केशवना में मकान विवाद को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर से लगाई गुहार

**जालोर,** (निसं)। जालोर शहर के केशवना ग्राम के ग्रामीणों ने बुधवार को दीपावली के दौरान मकान पर अवैध कब्जा करने और चोरी की वारदात को लेकर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई है। बुधवार को ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर मामले में शीघ्र कार्यवाही की मांग की। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि दीपावली पर्व को लेकर केशवना ग्राम में करीब 20 वर्ष पूर्व स्व. चम्पालाल जैन द्वारा रजिस्ट्री करवाए गए मकान में कुछ लोगों ने अनधिकृत रूप से प्रवेश कर कब्जा कर लिया। इस संबंध में पुलिस थाना क्षेत्र में 15 अक्टूबर 2025 को रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में कुछ आरोपियों को गिरफ्तार किया, किंतु मुख्य आरोपी अब तक गिरफ्तारी से बाहर है। ग्रामीणों ने कहा कि कुछ लोग सोशल मीडिया और मीडिया के माध्यम से पुलिस की कार्रवाई को लेकर गलत जानकारी फैला रहे हैं। इससे गांव में भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए तथा अफवाह फैलाने वालों पर भी सख्त कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि पूरा गांव कानून और पुलिस प्रशासन के साथ है तथा न्याय की अपेक्षा रखता है। ज्ञापन देते समय टिकमराम चौधरी, जोरावर सिंह, विक्रम सिंह , दलपत सिंह, जनक सिंह, शैतान सिंह, लालाराम , नवीन कुमार जैन सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित

**रेवदर,** (निसं)। ग्राम पंचायत धवली में ग्लोबल हॉस्पिटल द्वारा नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन रखा गया इसमें 15० रोगियों की जांच हुई उपस्थित ग्रामीणों ने ग्लोबल हॉस्पिटल से पधारी पूरी टीम का भारतीय परंपरा अनुसार स्वागत सत्कार किया गया। जिसमें सरपंच प्रतिनिधि सुल्तान सिंह, योगेंद्र सिंह, मंगलसिंह पीईईओ,धवली हरिशकुमार धानक, छोगाराम जोशी, ओमप्रकाश जोशी की मंच पर उपस्थिति रही यह कैम्प भामाशाह भागूदेवी धर्मपत्नी मफतलाल जोशी निवासी धवली वालो की तरफ से आयोजित करवाया गया ग्लोबल हॉस्पिटल से मांगीलाल मारू व उनकी टीम ने रोगियों की जांच व ऑपरेशन योग्य लोगो को ग्लोबल हॉस्पिटल भेजा गया।

### जालोर में सर्व समाज प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर बैठक आयोजित

**जालोर,** (कासं)। प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सर्व समाज प्रतिभा सम्मान समारोह दिसंबर माह 2025 में आयोजित किया जाएगा। जिसको लेकर एकलव्य फाऊंडेशन जालोर के पदाधिकारी ने बैठक का आयोजन किया। सचिव भरत कुमार जीनगर ने बताया कि सर्व समाज प्रतिभा सम्मान समारोह 28 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। जिसमें कक्षा दसवीं व 12वीं में वर्ष 2025 में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को वरीयता के आधार पर सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं जिला जालोर से 2025 में उतीण होना अनिवार्य है। इसके अलावा खेलकूद क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर 2025 में विद्यालय से विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतियोगिता को भी सम्मानित किया जाएगा। फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर है। अपना आवेदन संकल्प लाइब्रेरी एकलव्य फाऊंडेशन आशापूर्ण कॉलोनी के बाहर जालौर जमा कर सकते हैं। बैठक में सम्मान समारोह को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर सम्मान समारोह प्रभारी प्रभुदान राव, वरिष्ठ सलाहकार शहजाद खान, अध्यक्ष पी बी सैन, कोषाध्यक्ष महेंद्र सुनदेशा प्रवीण कुमार, संपत चौहान ,रविंद्र सिंह मंडलावत, सहित पदाधिकारी मौजूद थे।

### बॉक्सिंग एक्सपोजर कैंप के लिए मुक्केबाज भोपाल हुए रवाना

**जालोर,** (कासं)। आर्य वीर दल जालोर की मुक्केबाजी रिंग में अभ्यास करने वाले चार मुक्केबाज बनो चैम्पियन प्रोजेक्ट के तहत बुधवार को सात दिवसीय बॉक्सिंग एक्सपोजर कैंप के लिए भोपाल रवाना हुए। मुक्केबाजी कैंप 6 से 12 नवम्बर तक आयोजित होगा।बनो चैंपियन प्रोजेक्ट मारवाड योद्धा जोन के पर्यवेक्षक कन्हैयालाल मिश्रा ने बताया कि राजस्थान के 20 मुक्केबाजों का चयन बॉक्सिंग एक्सपोजर कैंप के लिए हुआ है। जिसमें से जालोर में हनुमान नगर स्थित बनो चैंपियन लोकेशन से चार मुक्केबाजों उत्कर्ष मिश्रा,तुषार प्रजापत, प्रीतम सांखला व पियूष मेवाडा को तात्या टोपे नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स भोपाल,मध्यप्रदेश में 6 से 12 नवम्बर तक आयोजित होने वाले बॉक्सिंग एक्सपोजर कैंप हेतु विदाई दी गई। मिश्रा ने बताया कि 1962 में स्थापित टी टी नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं से युक्त मल्टीपरपज खेल परिसर है।जहां अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कोच खिलाडियों को ट्रेनिंग देते हैं।इसी परिसर में ओलम्पिक स्तर का स्विमिंग पूल भी है। बॉक्सिंग एक्सपोजर कैंप के बाद आगामी माह में वुशू खिलाडियों का भी एक्सपोजर कैंप गांधीनगर गुजरात में अयोजित होगा। जिसका लाभ जालोर के वुशू खिलाडियों को भी मिलेगा।

### मॉनिटरिंग के लिए आहोर क्षेत्र का किया दौरा

**जालोर,** (कासं)। जिले के आहोर क्षेत्र में भेड़ों में फैली ब्लू टंग वायरल बीमारी के नियंत्रण एवं मॉनिटरिंग के लिए राज्य के पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ. आनंद सेजरा ने बीमारी से प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर पशुपालकों से चर्चा की तथा विभागीय आरआरटी टीमों द्वारा किये जा रहे सर्वे, उपचार के बारे में समीक्षात्मक बैठक की। उन्होंने खारा गाँव में पशुपालकों से रोग संक्रमण के संबंध में चर्चा कर बीमारी की रोकथाम के संबंध में दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस दौरान आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित की अध्यक्षता में आयोजित भेड़पालकों एवं विभागीय अधिकारियों की बैठक में ब्लू टंग बीमारी के संक्रमण, प्रभावित पशुओं की संख्या, पशु उपचार सर्वे नियंत्रण कार्य के बारे मे जानकारी ली गई। उम्मेदपुर गाँव में निदेशक डॉ. आनंद सेजरा ने निरीक्षण कर प्रभावित पशुपालकों से बीमारी के बारे में स्थिति का जायजा लिया एवं विभागीय कार्मिकों में निरंतर सर्वे, उपचार एवं मॉनीटरिंग के बारे में निर्देश दिए। बैठक में पशुपालन विभाग जालोर के संयुक्त निदेशक डॉ गिरधर सिंह सोढा, पशु चिकित्साधिकारी डॉ जयप्रकाश शर्मा, डॉ जितेन्द्र शर्मा, डॉ योगेश पुनिया, भाकरसिंह चारण व भागचन्द यादव सहित स्थानीय पशुपालक उपस्थित रहे।

### बूथ लेवल एजेन्ट्स का प्रशिक्षण सम्पन्न

**जालोर,** (कासं)। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत बुधवार को पंचायत समिति सभागार आहोर में बूथ लेवल एजेन्ट्स का प्रशिक्षण सत्र सम्पन्न हुआ। बूथ लेवल एजेन्ट्स के लिए आयोजित किए गए प्रशिक्षण में उन्हें एसआईआर की प्रक्रिया के बारे में गहन प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही मास्टर ट्रेनर्स द्वारा ऑनलाइन व ऑफलाइन गणना प्रपत्र भरने संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में भारतीय जनता पार्टी, आईएनसी सहित राजनैतिक पार्टियों द्वारा नियुक्त पॉलिटिकल एजेन्ट के साथ विस्तार से चर्चा करते उनकी शंकाओं का समाधान किया गया।

# 352 विधुत ट्रांसफार्मर विधायक महंत प्रताप पुरी ने किए वितरण

■ जिन्हे गुरू नानकदेव की जयंती पर पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज ने बडी राहत प्रदान की। एक साथ इतने ट्रांसफार्मर लगने से बिजली का स्थाई समाधान होगा और लोगों को समयबद्ध बिजली मिलेगी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महंत ने कहा कि भाजपा की सरकार में सुदूर गांवों व ढाणियों में बसे लोगों तक निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए

**पोकरण ( निसं )।** पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज ने बुधवार को पोकरण शहर स्थित डिस्कॉम कार्यालय में विद्युत ट्रांसफार्मर वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान विधायक ने डिस्कॉम अधिकारियों, पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में 32 नवीन विद्युत ट्रांसफार्मर किसानों को वितरण कर बडी सौगात दी। विधानसभा के किसानों व आमजन को निर्बाध रूप से बिजली मिले इसके लिए यह विद्युत ट्रांसफार्मर मिल का पत्थर साबित होंगे। विधानसभा के इतिहास में पहली बार एक साथ पोकरण, नाचना व भणियाणा एईएन क्षेत्रों में 352 में विद्युत ट्रांसफार्मर वितरण किए गए। विधायक ने इस दौरान किसानों को विद्युत मीटर भी अपने हाथों से सौंपे। पोकरण डिस्कॉम कार्यालय से वाहनों के साथ ट्रांसफार्मर ग्रामीण क्षेत्रों की और रवाना किए गए। इस दौरान विधायक का सहायक अभियंता मनीष कुमार, नारायण सिंह, महिपाल विश्नोई सहित कर्मचारियों द्वारा स्वागत किया गया। पोकरण विधानसभा क्षेत्र में पिछले कई सालों से सैंकडो बिजली के कारण किसान परेशानी का सामना कर रहे थे। जिन्हे गुरू नानकदेव की जयंति पर पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज ने बडी राहत प्रदान की। एक साथ इतने ट्रांसफार्मर लगने से बिजली का स्थाई समाधान होगा और लोगों को समयबद्ध बिजली मिलेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महंत ने कहा कि भाजपा की सरकार में सुदूर गांवों व ढाणियों में बसे लोगों तक निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को त्वरित बिजली समस्याओं के निस्तारण करने के भी निर्देश दिए। पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के किसान नलकूपो के बिजली कनेक्शनों को लेकर अधिकारियों से पीछे चक्कर काट रहे थे। किसानों की पोकरण समस्याओं को गंभीरता से सुनकर प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर से कई बार मुलाकात कर स्थाई समाधान करने का आग्रह किया। विधानसभा में भी इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया। सीएम, ऊर्जा मंत्री ने इस समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए और 352 नवीन विद्युत ट्रांसफार्मर लगाने के आदेश दिए। विधायक ने सीएम, ऊर्जा मंत्री का आभार व्यक्त किया साथ ही मुख्य अभियंता बाडमेर, अधीक्षण अभियंता जैसलमेर,अधिशाषी अभियंता पोकरण का भी धन्यवाद ज्ञापित किया। विधायक ने किसानों को ट्रासफार्मर और मीटर वितरित कर अच्छी खेती की अग्रिम शुभकामनाएं दी साथ ही बिजली चोरी नहीं करने का संकल्प दिलाया और मीटर में छेडछाड नही करने की शपथ दिलाई। , भाजपा जिला मंत्री मदनसिंह राजमथाई, पोकरण मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र माली सहित कई किसान और भाजपा नेता भी मौजूद रहे।

# गुरु नानकदेव का प्रकाशोत्सव मनाया

**जोधपुर** (कासं)। सिख पंथ के संस्थापक गुरु नानकदेव का 556वां प्रकाशोत्सव बुधवार को श्रद्धापूर्वक से मनाया गया। इस दौरान गुरुद्वारों में विशेष पूजा अर्चना की गई। यहां गुरु कीर्तन, सत्संग, अरदास व लंगर प्रसादी का आयोजन किया गया। अखण्ड पाठ साहेब के समापन पर कीर्तन कर सामूहिक अरदास की गई। प्रकाश गुरुपर्व के अवसर पर सभी गुरुद्वारों में साज सज्जा की गई।

सिखों के प्रथम गुरु नानक देव की जयंती बुधवार को प्रकाश पर्व के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर शहर के सभी गुरुद्वारा साहिब में विशेष दीवान सजाए गए व धार्मिक आयोजन हुए। मुख्य आयोजन आनंद सिनेमा के पास स्थित गुरुद्वारा गुरुसिंह सभा में किया गया। वहीं अन्य गुरुद्वारों में भी श्रद्धालुओं ने आराधना की। गुरुद्वारा गुरुसिंह सभा के सचिव सरदार कुलदीप सिंह सलूजा ने बताया कि गुरुद्वारा में चल रहे तीन दिवसीय अखंड पाठ साहिब की पूर्णारती आज सुबह हुई। इसके पश्चात त्री सत्संग और बीबी अमरजीत कौर छाबड़ा की ओर से कथा विचार प्रस्तुत किए गए। दोपहर में गुरुवाणी आधारित कीर्तन दीवान आयोजित हुआ। वहीं शहीद हेमू कालानी सर्किल सरदारपुरा प्रथम ए रोड स्थित सिंधी गुरु संगत दरबार में भी गुरुनानक देव का प्रकाशोत्सव मनाया गया। सेवादार महेश खेतानी और भरत आवतानी ने बताया कि प्रकाश पर्व पर सुबह भोग साहिब अरदास के उपरांत दोपहर में लंगर सेवा आयोजित की गई। इसी तरह गुरुद्वारा श्री गुरु रामदास साहिब चौपासनी हाउसिंग बोर्ड में में भी गुरु पर्व मनाया गया। गुरुद्वारे के प्रधान बलदेव सिंह ने बताया कि इस शुभ अवसर पर पंथ के कीर्तनीये भाई बलवीर सिंह निर्वाण ने अपनी मधुर वाणी से गुरुवाणी कीर्तन तथा गुरमत विचारों द्वारा साथ संगत को निहाल किया।

**-केंद्रीय मंत्री शेखावत ने गुरुद्वारा में नवाया शीश** गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने बुधवार को आनंद सिनेमा के समीप गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा पहुंचकर गुरु नानक देव को नमन किया एवं श्रद्धापूर्वक अरदास में सहभागी बने। शेखावत ने सिख समुदाय एवं समस्त देशवासियों को प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि गुरु नानक देव का जीवन हमें मानवता, सेवा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव के उपदेश आज भी समाज में समरसता, करुणा और सह-अस्तित्व के मूल्यों को सशक्त करते हैं।

**-युवाओं ने उत्साह से किया रक्तदान** समाज प्रवक्ता सरदार जितेंद्र सिंह बत्रा ने बताया कि गुरु पर्व के उपलक्ष में रक्तदान शिविर सुबह गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा और रोटरी क्लब ब्लू सिटी एवं इनर व्हील क्लब द्वारा गुरुद्वारा परिसर में आयोजन किया गया। यह विशेष शिविर स्वर्गीय कवनप्रीत सिंह गुलाटी की याद में विशेष तौर से थैलेसीमिया पेशेंट को समर्पित रहा। रक्तदान शिविर में केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने सक्रिय सहभागिता निभाई तथा रक्तदाताओं से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया।

### दो आरोपी गिरफ्तार

**जोधपुर,** (कासं)। ग्रामीण पुलिस ने मोबाइल टावरों से लाखों रुपए के रेडियो रिसीवर यूनिट चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने बोरुंदा और रणसीगांव में एयरटेल टावरों से चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। ग्रामीण एसपी नारायण टोगस ने बताया कि इंडस टावर सिक्योरिटी कंपनी के प्रभारी उम्मेदसिंह ने बोरुंदा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार 17 अप्रैल की रात को बोरुंदा और रणसीगांव स्थित एयरटेल कंपनी के मोबाइल टावरों से आरआरयू चोरी हो गए थे। इन यूनिट्स की कीमत लाखों रुपए बताई गई है, जिससे कंपनी को भारी आर्थिक नुकसान हुआ और क्षेत्र में संचार सेवाएं बाधित हुईं। घटना के बाद एएसपी भोपालसिंह लखावत के सुपरविजन और सीओ बिलाड़ा पदमदान के निर्देशन में विशेष टीमों का गठन किया गया। भोपालगढ़ थानाधिकारी सुजानाराम के नेतृत्व में गठित इन टीमों ने घटनास्थल से तकनीकी डेटा के आधार पर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी कोसाणा, थाना पीपाड़ शहर निवासी महिपाल पुत्र किशनाराम और खवासपुरा, थाना बोरुन्दा निवासी राकेश पुत्र रामनिवास हैं।

### सरकारी स्कूल में चोरों ने लगाई सैंध, स्टोर रूम का ताला तोड़ा

**जोधपुर** (कासं)। राजीव गांधी नगर थाना इलाके में राजकीय प्राथमिक स्कूल जाटों की ढाणी, बेरू में अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने स्कूल के स्टोर रूम का ताला तोडक़र अंदर रखी पढ़ाई की सामग्री, खेल किट और अन्य सामान चुरा लिए। प्रधानाध्यापक बंशीलाल ने बताया कि घटना दो नवंबर रात की है। सोमवार दोपहर स्कूल पहुंचने पर चोरी की जानकारी मिली। स्टोर रूम का दरवाजा बंद था और ताला टूटा हुआ था। इसकी सूचना तत्काल राजीव गांधी नगर थाना पुलिस को दी गई, जिस पर चेतक प्रभारी बाबूलाल मौके पर पहुंचे और स्थिति का मौका मुआयना किया। प्रधानाध्यापक ने चोरी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई।

# राजपुरोहित महासभा के जिला व तीन दर्जन मंडल अध्यक्ष घोषित

**पाली** राजस्थान प्रदेश राजपुरोहित महासभा के अध्यक्ष जबर सिंह राजपुरोहित ने करन सिंह कादु को पाली ग्रामीण,देवी सिंह कानोड़ को पाली शहर राजपुरोहित महासभा के जिलाध्यक्ष पद पर तथा प्रकाश सिंह मांडावास को प्रदेश संगठन मंत्री मनोनीत करते हुए पाली जिले में तीन दर्जन से भी अधिक मंडल अध्यक्ष घोषित किए गए हैं,

प्रदेशाध्यक्ष जबर सिंह राजपुरोहित ने अमर सिंह सिनला को जाडन ग्रामीण,भोपाल सिंह आउवा,विजय सिंह जोजावर,आनंद सिंह गादाना राणावास,खुमान सिंह निम्बली ग्रामीण,करनी सिंह पिलोवनी,करण सिंह रूंघडी,राजेंद्र सिंह निंबाड़ा बुसी,अशोक सिंह सोनाणा देसूरी,सुरेश बारवा फालना शहर,एड,रंजीत सिंह बारवा,धन सिंह ढोला,ईश्वर सिंह पिलोवनी रानी नगर,किरण सिंह चाचौडी,हरी सिंह उदेश खरोकड़ा,मनोहर सिंह जवाली,भोपाल सिंह नाडोल नगर,दलपत सिंह गिराली नाडोल ग्रामीण,उत्तम सिंह गावाड़ा सावलता ग्रामीण,अरविंद सिंह ठाकुरला,अर्जुन सिंह जैतपुर चोराई रोहट,मदन सिह बागड़िया ढाबर ग्रामीण,जोग सिंह बिठू रोहट ग्रामीण, गणपत सिंह बावडी, पाली शहर पश्चिम,गणपत सिंह मंडली पाली शहर साउथ मंडल अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है,, राजपुरोहित ने बताया कि महासभा का प्रदेश व्यापी मंडल स्तर पर सदस्यता अभियान जारी है,मंडल पर बने सदस्यों मेसे 2 प्रदेश,10 जिला और 51 मंडल कार्यकारिणी हेतु सदस्यों का चयन कर विधिवत कार्यकारिणी गठित की जाएगी तथा 2026 में सदस्यता प्राप्त बंधु ही महासभा का पदाधिकारी होगा जो सदस्य नहीं होगा वो स्वत ही संस्था से पृथक माना जाएगा साथ ही नए मंडल अध्यक्षों ,जिलाध्यक्षों ,प्रदेश पदाधिकारियों,महिला,युवा महासभा के अध्यक्ष सहित विशेष आमंत्रित सदस्यों,प्रवासी सदस्यों का अति शीघ्र प्रदेश स्तरीय एक दिवसीय राजपुरोहित महासभा का महा अधिवेशन आहुत किया जाएगा जिसका निर्णय अति शीघ्र किया जाएगा, महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजपुरोहित ने कहा कि आनेवाले नए वर्ष 2026 में संगठन का राष्ट्रव्यापी आकर खड़ा किया जाएगा,प्रदेश की विभिन्न जिला इकाइयों के छोटे बड़े सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे तथा युवा, महिला महासभा की कार्य योजना को मजबूत बनाया जाएगा

# पाली में चातुर्मास में ज्ञान दर्शन चारित्र तप की आराधना हुई

■ मडिया रोड से प्रकाश चंद काकरिया का स्वागत किया गया। सम्यक दर्शन कार्यशाला प्रायोजक परिवार अचल चंद बालड की ओर से 40 परीक्षा देने वालों का भी सम्मान किया गया श्रीमती चंद्रा खाटेड व दिपिका खाटेड ने भी आगम मंथन के प्रतिभागियों का भी सम्मान किया गया।

**पाली।** तेरापथ भवन में की जागरूकता का अभिनंदन कार्यक्रम के अवसर पर साध्वी श्री काव्या लता जी बताया कि इस चातुर्मास में ज्ञान दर्शन चारित्र तप की आराधना हुई। कार्यक्रम के दौरान साध्वी श्री जी ने पाली एक धर्म नगरी है वह यहां के सभी श्रावक श्राविकाओं सजग रहते हैं। 4 महीने का प्रवास कब खत्म होने आया समय का पता ही नहीं चला। सभी श्रावक श्राविकाओं ने हमें आध्यात्मिक भेंट दि । पाली आस्था श्रद्धा व समर्पण का केंद्र है। पुरे जिन शासन के में धर्म की अभिरुचि है। यहा पर जिन शासन की अधिक से अधिक धर्म प्रभावना हो सकती है ऐसा हमने अनुभव किया पाली के चार महीने के प्रवास में तेरापंथ युवक परिषद ने जो सक्रियता निष्ठा समर्पण के साथ कार्य किया वह दुर्लभ और ऐतिहासिक कार्य है इसके लिए तेरापंथ युवक परिषद के अध्यक्ष पीयूष चोपड़ा ने जो श्रम किया उत्साह दिखाया वह बुहुत सराहनीय है पीयूष चोपड़ा ने अपनी संपूर्ण टीम के साथ धर्म संघ के प्रभाव जो कार्यक्रम किए हुए हमेशा हमारी स्मृति पटल पर रहेंगे। साध्वी श्री जी ने सभी से खमत खामणा किया । कार्यक्रम में डुंगर चंद चोपड़ा गौतम चंद छाजेड़ विनय बम शिखर चंद चौरडिया राजेश मरलेचा अपने भाव की अभिव्यक्ति दी। अध्यक्ष पीयूष चोपडा ने चारों साध्वीयो का गुणगान किया वह उनकी विशेषताएं बताइए । इस चातुर्मास के बारे में कहा कि जो भी कार्यकम हुए हैं गुरुदेव की आशीर्वाद से व काव्य लता जी की प्रेरणा के साथ संपन्न हुए हैं। तेरापंथ युवक परिषद पर काव्य लता जी का जो प्रेरणा बनी रही वह एक अविस्मरणीय रही । तेरापंथ युवक परिषद आपके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता है वह अध्यक्ष पीयूष चोपड़ा ने कहा आपने जो कार्य दिया उसके लिए अध्यक्ष के रूप में में हमेशा आपका ऋणी रहूंगा। वह हमेशा यह साल याद रहेगा। इस कार्यक्रम में चातुर्मास कल में तेरापंथ युवक परिषद के जो भी प्रायोजक परिवार बने उन सब का स्वागत व अभिनंदन किया गया। महावीर इंटरनेशनल अध्यक्ष संपतराज भंडारी ने भी तेरापंथ युवक परिषद का अभिनंदन पत्र दिया गया। व तेरापंथ युवक परिषद ने इस साल बहुत ही शानदार आयोजन कर रहा है। चंदा देवी गोलछा सुभाष जी लुणिया राजेंद्र चोपड़ा रणजीत छाजेड़ गौतम चंद जी छाजेड़ नितेश और संदीप समदड़िया महावीर इंटरनेशनल अध्यक्ष संपत राज भंडारी वर्धमान ऑटोमोबाइल्स शक्ति सिंह पुनायता से विनय बम मडिया रोड से प्रकाश चंद काकरिया का स्वागत किया गया। सम्यक दर्शन कार्यशाला प्रायोजक परिवार अचल चंद बालड की ओर से 40 परीक्षा देने वालों का भी सम्मान किया गया। श्रीमती चंद्रा खाटेड व दिपिका खाटेड ने भी आगम मंथन के प्रतिभागियों का भी सम्मान किया गया। श्री गुरु नानक देव जयंती के अवसर पर निकली नगर कीर्तन यात्रा, पाली 5 नवंबर सिखों के धर्मगुरू श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व बुधवार को शहर समय जिले भर में उत्साहपूर्वक बनाया गया, इस अवसर पर गुरुद्वारा को आक्र से ठोसरी से सजाया गया, वही सुबह 10:00 बजे गुरु ठांथ साहब अखंडपाठ का समापन हुआ, इसके बाद गुरु के जीवन पर प्रकाश डाला गया, लखनऊ से आए ठांथि लोगों ने शब्द कीर्तन किया, दोपहर में गुरु का लंगर भरता गया जिसमें सिख समाज के लोग उमड़े, 3:00 बजे बैंड बाजा के साथ गुरुद्वारा से नगर कीर्तन यात्रा रवाना हुई जो अंबेडकर सर्किल सूरजपाल सोमनाथ मंदिर भेरू घाट, पानी दरवाजा सराफा बाजार सोमनाथ मंदिर होकर वापस गुरुद्वारा पहुंची, नगर कीर्तन यात्रा में घोड़े पर पंच प्यारे, पंत बुहारती सिख समाज की महिलाएं, पाइप बैंड बठिंडा आकर्षण का केंद्र थे, उसके बाद पंच प्यारे और गुरु ठांथ साहब के फूलों से सजी सवारी के पीछे महिला कीर्तन करती चल रही थी, ट्रैक्टरों में बच्चे महिलाएं बैठी हुई थी, नगर कीर्तन यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया, जुलूस के सूरज पोल पहुंचने पर आतिशबाजी की गई, वही रात्रि में कीर्तन दरबार सजा और बच्चों की प्रतियोगिता हुई, कार्यक्रम के सहयोग में प्रधान अमरजीत सिंह मखीजा, सचिव गोविंद सिंह लबाना, जोगेंद्र सिंह, शरण पाल सिंह सतनाम सिंह आदि का सहयोग रहा

## सार-समाचार

### पाटोदी क्षेत्र के राजनीतिक दलों के बीएलए-2 का प्रशिक्षण सम्पन्न

**बालोतरा,** (निसं)। विधानसभा क्षेत्र बायतु के पाटोदी क्षेत्र के सभी बीएलओ-2 का प्रशिक्षण पंचायत समिति सभागार पाटोदी में सहायक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी रूस्तम खान की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी सुशील कुमार यादव व निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी कल्पित शिवरान के आदेशानुसार इस प्रशिक्षण में बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की अभियान में जिम्मेदारियां व एसआईआर शेड्यूल की जानकारी दी। रुस्तम खान ने बताया कि ये अभियान मतदाता सूची को साफ-सुथरा बनाने के लिए एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) अभियान पर निर्वाचन आयोग गंभीरता से काम कर रहा है। इसमें सभी को बीएलओ व आम मतदाताओं का सहयोग की अपील की। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर मुकेश कुमार ने निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारियाँ देकर बीएलए के कार्यो से अवगत कराया। चुनाव शाखा प्रभारी घेवरसिंह मेघावास ने बताया कि पाटोदी क्षेत्र में 68 बीएलओ 12 सहायक बीएलओ व 272 वॉलंटियर घर-घर जाकर गणना प्रपत्र भरवाने का कार्य प्रारंभ कर चुके हैं। हर योग्य मतदाता 4 दिसंबर तक अपनी एक नवीनतम रंगीन फोटो एवं आवश्यक सूचनाओं के साथ भरा हुआ गणना प्रपत्र अपने बीएलओ को जमा करा कर स्वच्छ एवं सही मतदाता सूची निर्माण में अपना सहयोग प्रदान करें एवं लोकतंत्र के प्रति अपने कर्तव्य का पालन करें। इस प्रशिक्षण में एएलएमटी गगनदीप शर्मा, परमेश्वर सैनी व भाजपा के 48 व कांग्रेस के 37 बीएलए - 2 उपस्थित हुए।

### सायला कॉलेज में उमंग महोत्सव 2025 का शुभारंभ

**सायला,** (निसं)। सायला उपखण्ड मुख्यालय स्थित सायला कॉलेज में त्रिदिवसीय उमंग महोत्सव 2025 का शुभारंभ बुधवार को कॉलेज प्राचार्य डॉ. बी.एल. लोहार ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुनीत दवे ने की। पहले दिन कॉलेज प्रांगण खेलों के उत्साह से सराबोर रहा। वॉलीबॉल, बैडमिंटन और रस्साकशी जैसी प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने बढचढकर भाग लिया। प्रतिस्पर्धाओं में प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बनता था। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. लोहार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि उमंग महोत्सव जैसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का माध्यम हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ-साथ खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की प्रेरणा दी। महोत्सव के आगामी दिनों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों व विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान राजेश पायाल, दीप सिंह राठौड, सुनील वैष्णव, निसार खान, दर्शन चौहान व पृथ्वी सिंह भाटी सहित अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

### यूनिटी मार्च कार्यक्रम के तहत जालोर में पोस्टर का विमोचन

**जालोर,** (कासं)। राष्ट्र के लौह पुरुष एवं भारत की एकता के शिल्पकार सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा माई भारत द्वारा सरदार/यूनिटी मार्च कार्यक्रम 8 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पोस्टर विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। पोस्टर विमोचन वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जालोर में महाविद्यालय के प्राचार्य मनीष अखावत, एनएसएस जिला अधिकारी तथा अन्य प्राध्यापकों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंधन ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए युवा वर्ग से सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। इसी श्रृंखला में श्री राजेन्द्र सूरी कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर में भी पोस्टर विमोचन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मोहम्मद इरफान, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी तथा अन्य सहायक प्राध्यापक मौजूद रहे। इन कार्यक्रमों में माई भारत से एपीए अमित एवं खासाराम उपस्थित रहे तथा आगामी गतिविधियों, विशेषकर यूनिटी मार्च के संदेश को युवाओं तक पहुँचाने की अपील की। सरदार/यूनिटी मार्च अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता, गौरव, देशभक्ति और कर्तव्य भावना को विकसित करना है। सरदार पटेल द्वारा अखंड भारत की परिकल्पना एवं उनके अद्वितीय योगदान को स्मरण करते हुए युवा शक्ति को राष्ट्रनिर्माण में सहभागी बनने हेतु प्रेरित किया जाएगा। जिले के सभी युवाओं, शैक्षणिक संस्थानों एवं जनप्रतिनिधियों से आग्रह है कि वे इस राष्ट्रीय महत्व के अभियान में शामिल होकर एकता एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त करें।

### पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का होगा आयोजन आज

**जालोर** (कासं)। जिले में त्रिस्तरीय जनसुनवाई के तहत आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं के समाधान के लिए जिले के सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर 6 नवम्बर को प्रातः 11 बजे से पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि नवम्बर माह के प्रथम गुरूवार 6 नवम्बर को ग्राम पंचायत स्तर पर जनसुनवाई शिविर आयोजित किये जायेंगे। जनसुनवाई के दौरान आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई कर उनका समाधान किया जायेगा। सांचौर की 2 ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे

### ग्रामीण सेवा शिविर आज

**जालोर,** (कासं)। केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को लाभांवित करने तथा उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए 6 नवम्बर, गुरूवार को सांचौर तहसील की 2 ग्राम पंचायतों में ग्राम सेवा शिविर का आयोजन किया गया। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रमानुसार 6 नवम्बर को सांचौर तहसील की सुथाना व विरोल बड़ी ग्राम पंचायत में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के साथ ही उन्हें केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा।

### आज सुबह चौरड़िया भवन से करेंगे प्रस्थान

**जोधपुर,** (कासं)। चौरड़िया भवन में विराजित सुमति मुनि ने बुधवार को अपने प्रवचन में कहा कि ज्ञान व क्रिया के प्रति श्रावक की रुचि निरंतर बढ़ती रहनी चाहिए। प्रभु की आज्ञा हमको अच्छी लगे एवं हमारा लक्ष्य सिद्ध बनने का होना जरूरी है। जीवन में सादगी सरलता एवं समता होनी चाहिये । सभी जीवों के साथ प्रेम रखना ही क्रान्ति है। आत्मा निश्चय ही रक्षा के लिए है। भगवान की वाणी को तुरंत आत्मसात करनी है। लोकाशाह ने क्रांति की एवं सत्य को शिथिलाचारियों के सामने रखा। चार्तुमास के पश्चात आपकी संसार एवं संसार के पुद्गलों के रिश्तों में रूचि नहीं रहनी चाहिए। क्योंकि आपकी जैसी रुचि हो वैसा ही पुरुषार्थ होगा। इससे पूर्व साध्वीश्री ने फरमाया कि कलाकार वही होता है जो स्वयं को आवरण में रखकर दूसरों को उजागर करता है। कल गुरूवार सुबह 6 बजे कर 52 मिनट पर गुरुदेव आदि ठाणा एवं महासतीजी आदि ठाणा का चौरड़िया भवन से विहार कर श्रावको के साथ हेम सिंह कटला, महामंदिर के लिए प्रस्थान करेंगे।आज राकेश भंडारी, राजेश कोठारी ने भावभीनी विदाई गीत प्रस्तुत किया। महिला मंडल की बहनों ने अश्रुपुरित विदाई गीत प्रस्तुत कर सबको भावविभोर किया। संघ अध्यक्ष देवराज बोहरा, मंत्री माणक ललवानी, अशोक बोहरा ने संघ की तरफ से गुरुदेव से क्षमायाचना मांगी एवं चार्तुमास में भोजन, आवास आदि व्यवस्था देखने वालों का हार्दिक आभार व्यक्त किया एवं गलतियों के लिए क्षमा याचना मांगी।

### पशु चिकित्सालय से एल्यूमिनियम के तार चोरी

**जोधपुर,** (कासं)। रातानाड़ा क्षेत्र स्थित पशु चिकित्सालय से अज्ञात व्यक्ति 33 एल्यूमिनियम के तार चुरा ले गया। इस संबंध में संयुक्त निदेशक ने रातानाड़ा थाने में मामला दर्ज करवाया है। थाने में दी रिपोर्ट में पशु पालन विभाग के संयुक्त निदेशक डा. संजय कृष्ण व्यासक ने पुलिस को बताया कि अज्ञात व्यक्ति पशु चिकित्सालय रातानाड़ा के स्टोर कम लैब में लखे 33 एल्यूमिनियम के जार चुरा ले गया जिनकी अनुमानित कीमत करीब ढाई लाख रुपए है।